two people, the other 104 have been made sacrificial goats. I am sorry about it because many of them had been with me in the Janata Party in the past. Unfortunately, due to-misguided thoughts, they have deserted the Party and have decided to accept the leadership of somebody from their party, the Congress (I). And I am even surprised that the Marxists who talked so much against feudalism have decided to totally surrender :to a feudal leadership in the country. So, I would say that the best answer for this kind of behaviour would be a very elaborate and complete discussion on the CAG Report.

I do not associate myself with the sentiments expressed in this House against the CAG. I know him and I know he is an honest man and indeed what is necessary is to study the report carefully and indeed pinpoint where the mistakes were made and I would say that indeed would expose the bankruptcy of a section of the leadership of the opposition. It is, therefore wrong to lump the entire opposition together. Indeed in the whole country I would say that, there is a very large chunk of population which does not appreciate what these people are doing. Indeed the whole country feels very ashamed when the proceedings of the House were stalled in the way in which they were. What is it that they are stalling? They arebehaving in this manner not in order to get a discussion done. I myself participated here in uproarious scenes when the Government was refusing a discussion on the Thakkar Commission report. But there we were asking for a discussion. But here the Government is ready for a discussion and the objective of the opposition is to prevent a discussion. Now, whats the Parlia-t ment meant for, if it is not meant for discussion.?

I, therefore, cosider this move of a section of the opposition to resign as anti-democratic and harmful to our Parliamentary institution and that is why we have refused to associate ourselves here.

**श्री पशुपति नाथ सुकुल :** माननीय उप सभाध्यक्ष महोदय, मैं पूरे दिन शांतिपूर्वक बैठे कर अपने साथियों के विचार और विरोधी साथियों के विचार भी सुनता रहा । मेरा यह मानना है कि यह जो 70 लोगों ने त्यागपत्र दिया लोक सभा में वह हमारे संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय है जो कि एक बहुत ही दुखद अध्याय है जिसकी शुरूआत हो रही है । हमारे विपक्षी यह मानने को तयार नहीं कि सी०ए०जी० की रिपोर्ट में एक भी शब्द प्राइम मिनिस्टर के अगेन्स्ट नहीं कहा गया । सी०ए०जी० की रिपोर्ट यह क्या कोई पहली रिपोर्ट है ? हर साल सी०ए०जी० की रिपोर्टस आती है और डिफ्रेंट मिनिस्ट्रीज के बारे मे आती हैं । वह कहाँ गलती हुई है, कहां दोष है, कहां त्रुटि है यही वह प्वाइंट आउट करता है । कोई मिनिस्ट्री ऐसी नहीं जिसके बारे में सी०ए०जी० रिपोर्ट न देता हो । लेकिन क्या किसी मिनिस्टर ने आज तक रिजाइन किया है, सी०ए०जी की रिपोर्ट के ऊपर रिजाइन किया है ? आज तक किसी मिनिस्टर ने रिजाइन नहीं किया, इसलिए कि सी०ए०जी० ने अपनी रिपोर्ट म उसकी मिनिस्ट्री में या उसके विभाग में कोई दोष ढूंढा है या कोई गलत बात बताई है । सीधी सी बात है, पी०ए०सी० हमारी है, दोनो सदनों की ओर से पी०ए०सी० में विचार होता है । मैं भी उस सी०ए०सी० का एक मेम्बर हूं । मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि हमारी यह विपक्षी सदस्य क्यों नहीं चाहते कि यह रिपोर्ट सी०ए०सी० में जाए और उस पर पी०ए०सी० विचार करे, जसे कि हर रिपोर्ट पर पी०ए०सी० विचार करती है · ये नहीं चाहते हैं कि पी०ए०सी० विचार करे, यह नहीं चाहते हैं कि सदन में विचार हो और यह चाहते हैं कि सिर्फ इनकी बात मान ली जाए और प्राइम मिनिस्टर रिजाइन करें । अविवेक की पराकाष्ठा है, जिद की, हठ की पराकाष्ठा है कि केवल इनके कहने से प्राइम मिनिस्टर रिजाइन कर दें और उस रिपोर्ट पर न हो

Thank you. Sir

[ श्री पशुपति नाथ सुकुल ]

पी०ए०सी० (लोक लेखा समिति) में विचार हो और न सदन में विचार हो और जबकि प्रधान मंत्री के नाम उसमें कुछ है ही नहीं। उस रिपोर्ट में प्रधान मंत्री को कुछ भी नहीं कहा है। यह बहस नहीं करना चाहते। लोक सभा में अगर बहस होगी तो पता चलेगा कि उस वक्त वित्त मंत्री कौन था? किसने इस बोफोर्स डील को क्लीयर किया? वी०पी० सिंह ने किया था, उसने क्लीयरेंस दिया था, उस समय सब लोग वही थे और जो अब वहां बैठे हैं वह सब यहां थे अरुण नेहरू भी और वी०पी०सिंह भी और सभी; लेकिन वह बहस से इसलिए भाग रहे हैं ताकि उनकी पोल न खुल जाए। एक बार पहले बहस की मांग की जाती है, हमारे यहां आडवाणी जी, अटल बिहारी वाजपेयी जी और वहां पर दंडवते जी और अन्य लोग... और खुद ही मांग करने के बाद, जब सरकार तैयार होती है कि हम बहस करेंगे, हालांकि कायदे से वह पी०ए०सी० में जाना चाहिए, पहले वहां पी० ए० सी० में बहस होनी चाहिए, लेकिन सरकार ने इनकी मांग को मानकर, कहा कि हम सदन में बहस कराने को तैयार हैं, लेकिन जब सरकार ने माना तो बजाय इसके कि सरकार के प्रति कृतज्ञ हों, धन्यवाद दें, इन्होंने कहा कि हम बहस नहीं करना चाहते और सिर्फ हमारे कहने से प्रधान मंत्री जो हैं, त्यागपत्र दे दें। तो इस तरह से अविवेक-पूर्ण ढंग से बिना विचार किए हुए प्रधान मंत्री से त्यागपत्र मांगना, जैसे कि प्रधान मंत्री को इन्होंने ही बनाया हो प्रधानमंत्री, इनका वश चलता तो कभी वह प्रधान मंत्री बनते ही नहीं, प्रधानमंत्री को हमने बनाया है, कांग्रेस पार्टी ने बनाया है ....(व्यवधान)...

**श्री राम अवधेश सिंह** : जनता ने बनाया है उन्हें।

श्री पशुपति नाथ सुकुल : जनता ने बनाया है।

**श्री पवन कुमार बंसल** : देश के लोगों ने बनाया है और बनाएंगे।

**श्री पशुपति नाथ सुकुल** : जनता दल ने नहीं बनाया, जो आप कह रहे हैं—जनता ने बनाया। अब जिस प्रधान मंत्री के पास इतना बड़ा, प्रबल बहुमत है, 400 से ज्यादा लोगों का लोक सभा में.... (व्यवधान)

**श्री राम अवधेश सिंह** : बहुमत की बात नहीं चल रही है।

**श्री पशुपति नाथ सुकुल** : बहुमत की बात न कहें। आपके कहने पर, आपकी जिद पर प्रधान मंत्री बदलते रहें और सरकार बदलती रहें।

तो सबसे बड़ी चीज, महोदय, यह कि कोई भी भर्त्सना प्रधानमंत्री की नहीं है उस रिपोर्ट में और फिर भी प्रधान मंत्री से त्यागपत्र मांगा जा रहा है। जैसा हमारे कुछ साथियों ने कहा, इस पर बहस न करना और सदन से भागना, यह इनकी कमजोरी का द्योतक है, इनकी दुर्बलता का द्योतक है। इनके पास आर्गुमेंट नहीं हैं, इनके पास तर्क नहीं हैं और यह जानते हैं कि सत्य इनके पास नहीं है, सत्य इस ओर है। इनके साथ असत्य है, झूठ है। अगर सत्य से साक्षात्कार करना चाहते तो बहस होने देते दोनों सदनों में और खुलकर के तथ्य सामने आते। लेकिन झूठों की मंडली यह सत्य नहीं जानना चाहती और सिर्फ जिद करके, एक नाटक करके, सही कहा है नौटंकी, और यह नौटंकी इसलिए है कि 64वां संशोधन जो है, वह पास न होने पाय। यह उसमें न रहें, उसको पास कराने में यह भागीदार न रहें। राज्यसभा से नहीं जाएंगे, समझ रहे हैं कि शायद दो-तिहाई मेजोरिटी हमको न मिल पाय। इसलिए नहीं जाएंगे ताकि वह संशोधन पास न हो। इस देश की जनता को यह धोखा नहीं दे सकते हैं। जनता समझ रही है कि हमें अधिकार मिल रहे हैं, कांग्रेस की सरकार यह संशोधन करके एक-एक पंचायत को अधिकार दे रही है। अगर इस संशोधन को आप पास नहीं होने दें तो देखिएगा, वही जनता मारेगी इन लोगों को, अपनी-अपनी कांस्टीट्यून्सी में यही लोग

मार खाएंगे । आप देख लीजिएगा कि इसमें क्या होता है ?

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक प्रगतिशील कदम, एक नया कदम हमारी सरकार उठा रही है, राजीव गांधी जी उठा रहे हैं। आप लोग प्रगतिशीलता का दावा करते हैं, लेकिन प्रगतिशीलता का दावा वैसा, जैसा हमारे सुब्रह्मण्यम स्वामी जी ने कहा कि सी.पी.आई. (एम.) भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर ये लोग रिजाइन कर रहे हैं । यह क्या प्रगतिशीलता है ? यह तो केवल कुर्सी के लिए एक सस्ती लोकप्रियता अर्जित करने का एक तरीका है । जनता जानती है कि राजीव गांधी जी कितने अच्छे काम कर चुके हैं, कितने अच्छे काम कर रहे हैं, चाहे वह जवाहर रोजगार योजना हो, चाहे पंचायती-राज की योजना हो, चाहे तमाम दूसरी और चीजें हों। लेकिन आप देखें, इनके किसी भी प्रदेश में इनकी सरकार द्वारा काम नहीं हो रहे हैं, जो काम हो रहा है, वह केन्द्र का जो पैसा जाता है, उस पैसे को इधर-उधर खर्च करना, पूरा-पूरा कहीं नहीं करना । यादव जी आप देखिएगा, चुनाव होने दीजिए, चाहे केरल हो, चाहे कर्नाटक हो, दोनों का बता रहा हूं, वहां कांग्रेस जीतेगी इस बार, मैं घूमकर आया हूं, मैं हवा देख रहा हूं, दोनों प्रदेश ही आपके हाथ से निकल गए समझ लीजिए ... (व्यवधान) ... ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, सवाल यह है कि आप लोग बहस करने से कतरा क्यों रहे है ? मेन पाइंट यह है कि बहस की मांग करने के बाद बहस करने से कतरा क्यों रहे हैं ? क्योंकि वह जानते हैं कि इसमें कुछ नहीं है। बहस की मांग करके समझ रहे हैं कि अब अगर बहस हुई तो हमारा जो नंगापन है, वह उजागर हो जाएगा, हमारा झूठ पकड़ा जाएगा । और इसलिए ये भागे जा रहे हैं, बहस नहीं करेंगे। ... (व्यवधान) ... आप बहस पर तैयार तो हों ।... (व्यवधान) ... वह जब बहस होगी, हम बताएंगे उपसभाध्यक्ष महोदय, यह जो कदम हमारे विपक्ष के साथियों ने उठाया है, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और तब ऐसा नहीं है कि कोई mass suicide. That is just a strategy. एक उनकी नीति है कि 4-5 महीने बचे हैं । लेकिन 5 महीने में क्या प्रलय हो जाता अगर आप बैठे रहते और अगर आपको रिजाइन करना था तो राज्यसभा से भी रिजाइन करना चाहिए था। आप कहते कि हम संसद के दोनों सदनों से रिजाइन करेंगे । यहां चूंकि चार वर्ष चलना है इसलिए यहां से रिजाइन नहीं करेंगे और वहां चार-पांच महीना है इसलिए वहां से रिजाइन करेंगे। तो सस्ती लोकप्रियता अर्जित करने के लिए आपने जो तरीका अपनाया है, यह हमारे संसदीय लोकतंत्र के ऊपर कुठाराघात है । हमारी जनता के साथ विश्वासघात है और आप स्वयं देखेंगे कि आप जो पाना चाहते हैं इससे यह चीज आपके हाथ से कहीं दूर चली जाएगी जनता कहेगी कि जब आप अपनी कुर्सी छोड़कर भागते हैं तो हम आपको क्यों चुनें ? आप वी० पी० सिंह की बात कर रहे थे । वे इलाहाबाद से जीते, अब अगर उनमें जरा भी नैतिकता हो तो इलाहाबाद से लड़कर दिखाएं । उनकी जमानत जब्त हो जाएगी । आज जो आपके महान नेता हैं, वह अपने चुनाव क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ सकते । सीट ढूंढी जा रही है-बांदा, फतेहपुर जातिवाद के ऊपर। इस तरह ये हथकंडे बहुत सस्ते हैं और जैसाकि मैंने कहा एक बहुत ही दुखद परिणति है हमारे विपक्ष की राजनीति में । लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि जो प्रगतिशील कदम हमारे प्रधान मंत्री, हमारे नेता उठा रहे हैं, उन कदमों के कारण देश की जनता के मन में लोकप्रियता बड़ी तेजी से कांग्रेस के प्रति पैदा हो रही है । वह आपको यहां नहीं आने देगी । यहां कांग्रेस की ही सरकार बनेगी और राजीव की ही सरकार बनेगी ।

**THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Shri Ram Awdhesh Singh.** you have only four minutes at your disposal.

**श्री राम अवधेश सिंह** मान्यवर, कुर्सी पर बैठने के बाद ऐसा मत करिए । ऐसी एक मान्यता रखिए कि और लोगों ने कितना समय लिया और मैं कितना लूं क्योंकि मुझे इन सब बातों का जवाब देना है ।

**डा० अबरार अहमद खान** (राजस्थान) : तुम्हारे साथी तो तुम्हें छोड़कर भाग गए।

**श्री जगेश देसाई** : उधर के सब चले गए।

**श्री राम अवधेश सिंह** : महोदय, मैं अकेला हूं तो, इतना तो रहम कीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : You do not reply to them. You continue with your speech.

**श्री राम अवधेश सिंह** : मैं जब अकेला हूं तो यह जम्हूरियत का तकाजा है कि मेरी बात शांति से सुनी जाए। . . . (व्यवधान) . . . मान्यवर, मुझे उम्मीद थी कि इस इस्तीफे के मुद्दे पर गंभीरता से बहस होगी, लेकिन सारी बहस सिमट कर दो बिन्दुओं पर आ गयी है। शासक पक्ष बहस कराना चाहता है और प्रतिपक्ष बहस से भाग रहा है और दूसरे राजसभा से, इस्तीफा क्यों नहीं दिया। मान्यवर, सबसे पहले मैं इस्तीफा देने वाले लोक सभा सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करता हूं और उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं। . . . (व्यवधान) . . . जिन लोगों ने ऐसे वक्त में इस्तीफा दिया है जबकि सरकार अपने होश-हवास खो बैठी है। मान्यवर, आपके माध्यम से मैं इस सदन को और सरकार को यह बात बताना चाहता हूं कि इस सदी के एक महान विचारक ने कहा था, उसका नाम डा० राम मोनहर लोहिया था, उन्होंने कहा था कि शासक दल की तिल भर की गलती प्रतिपक्ष की पहाड़ भर की गलती से ज्यादा बड़ी और भारी होती है। यह जम्हूरियत का सबसे बड़ा इम्तिहान होता है क्योंकि अगर शासक दल भी वही बात कहे जो प्रतिपक्ष कहे और कहे कि तुमने इतनी भारी गलती की तो प्रतिपक्ष अगर भारी पहाड़ भर गलती करे तो देश को उतना नुकसान नहीं होगी जितना कि शासक दल तिल भर की गलती कर दे तो देश को नुकसान हो सकता है। तो मान्यवर, मैं यह कहना चाहता हूं कि आप हमसे अपनी तुलना मत करिए। हमारी गलतियां हो सकती हैं, लेकिन आपको जनता ने जिस विश्वास के साथ यह कुर्सी दी है, देश की हिफाजत करने की जिम्मेवारी सौंपी है, देश की प्रगति की जिम्मेवारी सौंपी है उस जिम्मेवारी का एहसास करिए और हर बात में प्रतिपक्ष से तुलना मत करिए कि आपने यह गलती की, आपने यह गलती की। हमने गलती की और हमने जब-जब गलती की, हमने उसे भोगा है और जनता ने हमको दण्ड दिया है। हमने गलती की तो हमको सजा जनता ने दी और आप वही बात कह रहे हैं तो फिर खुद अपना फैसला कर रहे हैं। एक जनाब हैं अहलुवालिया साहब, इन्होंने तर्क ऐसा दिया कि इस्तीफा कर रहे हैं कि इनको पांच अंक सूट नहीं करता है और सीक्यूब मिल जाता है तो, 1977 में मिल गया तो गड़बड़ी हो गई। अरे आप खुद ही कहते हैं कि जब सी क्यूब-वेस्टीस्ट कम्युनिलिस्ट और कम्युनिस्टस- मिलते हैं तो दिल्ली का तख्ता पलट जाता है और फिर आप कहते हैं कि मिल गए, तो तख्त तो पलटने वाला है। यह मेरी भविष्यवाणी नहीं, आप तो ज्योतिष बनाकर कह रहे हैं . . . . (व्यवधान) . . . . उपसभाध्यक्ष महोदय, तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आपको भविष्यवाणी मालूम है और ज्योतिष भी मालूम है। यह तीनों मिल गए हैं और आपका सफाया होने वाला है।

मान्यवर, अब मूल प्वाइंट है, उस पर मैं आता हूं। मूल प्वाइंट है, आप लोगों का चार्ज है, पाण्डेय जी आपकी भी बात का जवाब मैंने देना है। आप तमाम सत्ता पक्ष के लोगों का एक ही गंभीर चार्ज है और वह कुछ हद तक मैं सही मानता हूं लेकिन उसके अंदर से जब बहस निकलती है, उस बहस की ओर मैं आपको ले जाना चाहता हूं, जो नतीजा निकलता है बहस से, जो आपकी मांग है कि बहस से प्रतिपक्ष क्यों भागता है, बहस हो जाए? तो फर्ज कर लीजिए कि बहस हो जाए तो उस बहस में आप जिस बात का इशारा करना चाहते हैं कि एक आदमी को

बचाने के लिए जब उस समय प्रतिरक्षा मंत्री या आप कहते हैं कि वित मंत्री थे, उनको स्टील मुहर लगी है, यहां स ल्वे साहब कह रहे थे, शर्मा जी कह रहे थे, उनकी स्टील मुहर लगी है बोफोर्स के बारे में। उसको हम डिस्कस करते, उस डिस्कशन से यह लोग भागना चाहते हैं। इसलिए यह एक आदमी को बचाने के लिए प्रतिपक्ष बहस नहीं करना चाहता है।

मान्यवर, मैं एक बात जो कांस्टिट्यूशनल जिम्मेदारी है उसको और आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। यह पार्लियामेंटरी डैमोक्रेसी जो हमारी है, उसमें संयुक्त दायित्व है। मान लीजिए कि आज वी. पी. सिंह बाहर नहीं होते, उसी कैबिनेट में होते जो कैबिनेट आज राजीव गांधी की है और कोई सवाल यह बोफोर्स का उठ गया होता, तो संयुक्त दायित्व में अगर एक व्यक्ति भी दोषी साबित होता है तो पूरी सरकार का इस्तीफा करना होता है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We are not discussing the report. You please confine yourself to the point about resignation by Lok Sabha Members. Tomorrow we will have a discussion on the report.

SHRI RAM AWADHESH SINGH: You do not understand Hindi.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I am following it from the translation. Your time is over.

श्री राम अवधेश सिंह: मैं कह रहा हूं कि आपके सारे लोगों की बहस का केन्द्र बिन्दु अगर इस्तीफा मान लिया जाए और विश्वनाथ प्रताप सिंह जी कैबिनेट में थे, अगर वे इस्तीफा नहीं देते तो श्री अगर विश्वनाथ प्रताप सिंह दोषी पाए जाते तो पूरी कैबिनेट दोषी मानी जाती और क्योंकि उत्तरदायित्व के लिए कहते हैं या ज्वाइंट रिस्पांसिबिलिटी जो केबिनेट की है, उसके अनुसार सरकार को इस्तीफा देना पड़ता... (व्यवधान)

मैं कांस्टीट्यूशनल सवाल उठा रहा हूं, बहुत गंभीर सवाल है, इसको ध्यान से सोचिए, पार्टी बनकर मत सोचिए मैं कह रहा हूं कि अगर संयुक्त उत्तरदायित्व केबिनेट का आप मानते हैं तो केबिनेट के किसी मंत्री पर दोषारोपण हो और दोष सिद्ध हो जाए तो पूरी केबिनेट को जवाब देह माना जाता है। उस सिद्धांत पर विश्वनाथ प्रताप सिंह दोषी हो जाते तो राजीव की केबिनेट दोषी मानी जाती, उनको इस्तीफा देना पड़ता, इसी बात को मैं कह रहा हूं, मैं मांग कर रहा हूं कि उस हिसाब से राजीव सरकार को एक क्षण के लिए भी गद्दी पर रहने का न नैतिक अधिकार है, न कांस्टीट्यूशनल अधिकार है। उसको तुरन्त इस्तीफा देना चाहिए।

**THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Your time is up. Dr. Aksr Abrar Khan.**

**श्री राम अवधेश सिंह**: आपने मुझे 10 मिनट भी नहीं दिए...

मान्यवर, एक बात और कही गई कि खून लगाकर शहीद हो रहे हैं प्रतिपक्ष के लोग 15 दिन के लिए इस्तीफा कर रहे हैं क्योंकि अब हाउस बैठने वाला नहीं है। मैं कहता हूं थोड़ी देर के लिए कबूल भी कर लें तो मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप भी खून लगाकर 15 दिन के लिए शहीद क्यों नहीं हो रहे हैं? आप भी हो जाइए। मैं कहना चाहता हूं...

**श्री मीर्जा इर्शादबेग**: हम खून लगाकर शहीद नहीं होते हैं, सर कटाकर शहीद होने वालों में से हैं...

**श्री राम अवधेश सिंह**: आप सर कटाने वाले हैं ही नहीं...

**श्री मीर्जा इर्शादबेग**: महात्मा गांधी से लेकर इंदिरा गांधी तक शहीद कौन हुए हैं?...

**श्री राम अवधेश सिंह**: आप क्यों कह रहे हैं विश्वनाथ प्रताप सिंह भाग जायेंगे?.. यह बात तो हम आपको भी कह सकते हैं...

**ठाकुर जगतपाल सिंह**: राम अवधेश जी ये आपने ही पहले कहा था। ये आपके ही शब्द हैं। हम गलत नहीं कह रहे हैं।

**श्री राम अवधेश सिंह** : मैं सत्य बोल रहा हूं । इससे अधिक आप क्या कह सकते हैं । यह कहना कि वी.पी. सिंह का उसमें नाम है, ठीक नहीं है . . .

**श्री विट्ठलराव माधव राव जाधव** : इंदिरा गांधी दो जगह से जीती थीं जब आंध्र प्रदेश की जनता ने उनको बुलाया था । विश्वनाथ प्रतापसिंह तो भाग रहे हैं. . . (व्यवधान)

**श्री राम अवधेश सिंह** : लेकिन मैं बहस चाहता हूं और बहस में मैं आपको बता दूं कि उसी आधार पर ही राजीव गांधी का इस्तीफा देना नैतिक दायित्व हो जाता है। लेकिन बहस करके इतना ही होगा खोदा पहाड़ निकली चूहिया । आप यह कहते हैं कि वी.पी. सिंह दोषी हैं, बहस के लिए मान लीजिए दोषी है लेकिन संयुक्त रिस्पोंसिबिलिटी कहां है, केबिनेट की पूरी रिसपोंसिबिलिटी है और उसमें राजीव गांधी उसके लिए दोषी साबित होते हैं तो होल केबिनेट को रिजाइन करना चाहिए । यह उनका नैतिक दायित्व है । (व्यवधान)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Your time is up. You have already taken more than 10 minutes.

**श्री राम अवधेश सिंह** : दो मिनट और लूंगा । यह कहा गया कि आपके जमाने में, जनता पार्टी के जमाने में अपने मंत्रिपरिषद के लोग प्रधान मंत्री और होम मिनिस्टर के बेटे पर अभियोग लगा रहे थे । आप जरा कल्पना कीजिए कि उस समय पर एक दूसरे पर आरोप लगा रहे थे और जांच भी करवा रहे थे । यह जिंदा जनतंत्र की निशानी थी कि एक दूसरे पर आरोप लगाकर भी एक दल में रह सकते हैं, सरकार चला सकते हैं लेकिन आप एक जीभ भी खोल दें कि राजीव गांधी जी, कुछ गड़बड़ है तो उसी दिन आपका पत्ता साफ हो जायेगा। यह जम्हूरियत है या फासिज्म । मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि आप पूरे फासिज्म में रह रहे हैं और हम को कह रहे हैं कि जम्हूरियत का गला घोंट रहे हैं । हमारा यह जिंदा प्रमाण था जम्हूरियत का, स्वास्थ्य जम्हूरियत का ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): You have made your point. Dr. Abrar Ahmed. Mr. Ram Awadhesh Singh, you have taken a lot of time

SHRI RAM AWADHESH SINGH: One minute.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): No, I am not allowing. Dr. Abrar Ahmed.

**डा० अबरार अहमद खान** : हमें भी मौका लेने दीजिए राम अवधेश जी ।

**श्री राम अवधेश सिंह** : एक मिनट और लूंगा सिर्फ ।

ठाकुर जगतपाल सिंह : इसी बीच में एक शेर सुना दूं क्योंकि यह कांग्रेस और राजीव जी के बारे में बात कर रहे हैं:
यह सर सर नहीं जो हर दर पर झुक जाए,
वह दर दर नहीं जिस पर हर सर झुक जाए ।

**श्री राम अवधेश सिंह** : बुद्धिजीवी में प्रतिपक्ष के बुद्धिजीवी मोर्चे में कांग्रेस पार्टी और उसकी सरकार फंस गयी है और उस चक्रव्यूह में फंस जाने पर उससे बचने का कोई उपाय नहीं है । यह मरने वाली है और अगर हिम्मत है तो ललकार कर जनता के सामने आइये वहीं फैसला हो जायेगा । जयहिन्द ।.

**डा. अबरार अहमद खान** : इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए धन्यवाद । आज जो घटना घटी जिसमें कुछ विपक्षी सांसदों ने इस्तीफा दिया यह एक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए जो हथकंडा अपनाया है मैं इसकी कठोर निन्दा करता हूं । जो जिम्मेदारी जनता ने इनको पांच वर्ष के लिए दी थी जो वचन वह जनता को पांच वर्ष के लिए दे कर आये थे इन पांच वर्ष के पूर्व ही इस्तीफा देकर अपनी जिम्मेदारी

से भाग उठे हैं। यह वास्तव में जनतंत्र के लिए एक बहुत बड़ा काला धब्बा है। इसको जनतंत्र के दृष्टिकोण से काला दिन कह सकते हैं। अभी जैसा हमारे भाई कह रहे थे 15 दिन के लिए उन्होंने छोड़ा आप भी छोड़ दीजिए तो उपसभाध्यक्ष महोदय, हरेक मसले में इनका दोहरा मापदण्ड है। किसी मसले पर बात कर लीजिए इनका एक स्तर नहीं मिलेगा । यह अच्छी तरह से जानते थे कि 15 दिन के लिए यह लोक सभा है इसलिए इस्तीफा देकर चले गये हैं। मेरे बड़े भाई सुकुल जी कह रहे थे अगर ऐसी बात थी, मर्यादा में रहने वाले थे, नैतिकता थी तो यहां से भी इस्तीफा देते। लेकिन यहां किसी के पांच साल हैं, किसी के चार साल हैं, किसी के तीन साल हैं। इस दोहरे मापदण्ड के माध्यम के कारण इन्होंने यहां से इस्तीफे की बात नहीं की। सिर्फ राजनीतिक लाभ लेने के लिए, जनता को गुमराह करने के लिए लोक सभा से इस्तीफा दे दिया। (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : हम लोग भी तो राजनीति कर रहे हैं। ये राजनीति के चक्रव्यूह में फंस गये हैं। (व्यवधान)

डा० अबरार अहमद खान : ये जनता को वचन देकर आये हैं। अगर आप वचनबद्धता में विश्वास करते हैं, पांच वर्ष के लिए वचन दिया है उस जिम्मेदारी को आप निभाइये। जो इन्होंने इस्तीफा दिया उसके पीछे आधार है सी. एण्ड ए०जी० की रिपोर्ट। उस रिपोर्ट में हमने बहस के लिए कहा तो इन्होंने कहा . . .।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जिसको माध्यम बनाकर इन्होंने इस्तीफा दिया उस सी०ए०जी० की रिपोर्ट पर सरकार बहस करने के लिए तैयार है। लेकिन इन्होंने कहा कि नहीं, इस पर बहस नहीं होनी चाहिए और इस पर जैसा हम कहें वह कर दीजए, हमारी मंशा पूरी कर दीजिए . . . (व्यवधान)

श्री राम अवधेश सिंह : बहस में जितनी बातें कही गई हैं वे तो रिकार्ड पर आ गई है।

डा० अबरार अहमद खान : उन्होंने कहा कि सी० ए० जी० की रिपोर्ट पर बहस नहीं होनी चाहिए, एक्शन होना चाहिए और एक्शन भी क्या चाहते हैं, जो हम कहें। कहते हैं कि आप इस्तीफा दीजिए, सरकार छोड़कर चले जाइये। मुझे इनकी अक्ल पर हैरत होती है। क्या इस तरह की बात इस उच्च सदन के माननीय सदस्यों को कहनी चाहिए? मैं सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। इन्होंने बहस से क्यों मुंह चुरा लिया? अगर आप सी०जी०ए०की रिपोर्ट का पन्ना खोले तो उसमें लिखा होगा वी.पी. सिंह। इन्होंने सोचा कि जो हमारे मसीहा हैं, नेता हैं वी.पी. सिंह उनके बारे में हम दुनिया के सामने कुछ नहीं कह सकेंगे। हमारा नेता कुछ नहीं कह सकेंगे और वी.पी. सिंह का नाम दुनिया में बोफोर्स के साथ जुड़ जाएगा। इसलिए इस पर बहस नहीं होनी चाहिए और यह पन्ना बंद ही रहना चाहिए। दूसरी बात आप जानते हैं कि चुनाव नजदीक हैं, इनके पास कोई योजना नहीं है, कोई कार्यक्रम नहीं है, जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है। इन्होंने सोचा कि अगर सी. ए०जी०की रिपोर्ट पर संसद् में बहस हो गई तो हमारे पास कुछ भी नहीं रहेगा। इन दोनों कारणों से इन्होंने बहस की खिलाफत की है, बहस का बहिष्कार किया। हमारे प्रिय नेता श्री राजीव गांधी जी ने देश को जो कार्यक्रम दिये हैं, जवाहर रोजगार योजना दी है, पंचायती राज और नगरपालिका बिल लाने की बात कही है उसको देखकर ये बौखला गये हैं और इनको पता है कि अगर ये जनता के बीच में जायेंगे तो जनता इन्हें उखाड़ कर फेंक देगी। जिस सी०ए०जी०की रिपोर्ट को इन्होंने माध्यम बनाया है उसमें एक शब्द भी राजीव गांधी के खिलाफ नहीं है, कांग्रेस की सरकार के खिलाफ नहीं है। उसको माध्यम बनाकर इन्होंने जो अलोकतांत्रिक हथकंडे अपनाये हैं वे जनतंत्र पर काले धब्बे हैं। इस प्रकार से लोक सभा से इस्तीफा देना लोकतंत्र पर काला धब्बा है और इसको मैं कटु आलोचना करता हूं।

श्रीमती शान्ती पहाड़िया (राजस्थान): श्रीमान्, आपने मुझे बोलने के लिए टाइम दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं। मुझे तो बेचारे विपक्ष के भाइयों पर तरस आता है। हमारे विपक्ष के भाइयों ने लोक सभा से इस्तीफा दिया। ये छाती ठोक कर यह बात कहते हैं जैसे इन्होंने कोई जंग जीती हो, कोई लड़ाई जीती हो। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या इन्होंने लंका की लड़ाई जीती है? इन्होंने कौन सी लड़ाई जीती है? जो पाइंट इन्होंने उठाया है, मुझे अगर ठीक से याद है, यह तीसरा और चौथा सेशन है जब कि बार बार हाउस को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। मुझे समझ में नहीं आता कि क्या यही देश के ठकेदार बने हुए हैं? देश का कितना पैसा इस हाउस पर खर्च होता है, यह इनको मालूम होना चाहिए। बार बार एक ही पाइंट लाते हैं और श्री राजीव गांधी का सवाल उठाते हैं। मैं इनसे कहना चाहती हूं कि श्री राजीव गांधी ने वह काम करके दिखाया है, जो इनके एक भी नेता ने करके नहीं दिखाया है। श्री राजीव गांधी के समय में देश में हर क्षेत्र में तरक्की हुई है। आपका भी राज रहा है। आपने यह तरक्की क्यों नहीं की? 18 महीनों में ही इनका राज समाप्त हो गया। इनकी कोई नीति नहीं है, इनके पास कोई पाइन्ट नहीं है। ये बेमतलब की बात करते हैं, देश को बर्बाद करने की बात करते हैं ये कहते हैं कि हमको जनता ने चुना है। लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि जनता के लाभ के लिए आपने क्या चीज की है? बोफोर्स से जनता को कोई लाभ नहीं है। इससे जनता को कुछ नहीं मिला है। आप बेमतलब की बात करते हैं, खोखले हैं। आप तो थोथा चना बाजे घना है। बजना ही आपका काम है। पिछले सात दिनों से जब से यह हाउस शुरू हुआ है उस दिन से एक भी जनता की भलाई का काम इन्होंने हाउस के अन्दर नहीं करने दिया है। ऐसा इन्होंने कुछ भी नहीं किया है। ये किस प्वाइंट पर लड़ रहे हैं? ये क्या कभी देश के हितकारी बने हैं? अगर ऐसा होता तो हम भी समझते। कोई प्वाइंट लेकर आते, कोई अच्छी नीति लेकर आते, प्रोग्राम लेकर आते तो उसको हमारी सरकार मानने के लिए तैयार थी। उनके पास कोई नीति नहीं है तो उनकी किस बात को मान लें। किस बात पर ये प्रधान मंत्री से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। मैं कहना चाहती हूं कि जिस तरीके से ये काम कर रहे हैं उससे लगता है कि ये देश को पीछे ले जाना चाहते हैं। ये देश के हितैषी नहीं है बल्कि ये देश के विरोधी हैं और ये देश को बरबाद करना चाहते हैं। नहीं तो ऐसी बात नहीं है। देश में क्या क्या नहीं हुआ है। आप शिक्षा के क्षेत्र में ले लीजिये। मैं देहात से आती हूं। जहां पर छोटे छोटे 50 घरों के झोंपड़े हैं वहां पर भी आज स्कूल खुले हुए हैं। मेरी उम्र 50-52 साल की होगी ही। लेकिन पिछले पांच-दस सालों में मैंने जो देखा है वह मैंने पहले नहीं देखा था। पहले ऐसी जगहों पर कोई स्कूल नहीं था। मेरे जमाने में जो शैड्यूल्ड कास्ट के बच्चे थे उनको मास्टर दूर से डंडी दिखाकर बताते थे, हमारी समझ में नहीं आता था कि क्या बता रहे हैं। लेकिन अब मैंने देखा कि मास्टर जी बड़े प्यार से उनको पढ़ाते हैं, समझाते हैं। आज देश में बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैं तो सोचती हूं कि भगवान उम्र लगाये हमारे प्राइम मिनिस्टर को और हमारा देश उनके कामों से आगे बढ़े। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं:

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. 'NARAYANASAMY): This discus sion is concluded. Shri Salve will continue his speech tomorrow on short duration discussion.

Now, the House stands Adjourned till 11.0O A. M. tomorrow, Tuesday the 25th July, 1989.

The House then adjourned at thirty-three minu*tes* past seven of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 25th July, 1989.